<u>**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (का.हि.वि.), वाराणसी**</u>

“हिन्दी टिप्पण लेखन, पत्राचार एवं हिन्दी तिमाही रिपोर्ट भरने संबंधी जानकारी” पर हिन्दी कार्यशाला
(दिनांक 14.06.2022)

संस्थान में दिनांक 14 जून 2022 को एकदिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय **“हिन्दी टिप्पण लेखन, पत्राचार एवं हिन्दी तिमाही रिपोर्ट भरने संबंधी जानकारी”** था। कार्यशाला का उदघाटन संस्थान के कुलसचिव महोदय श्री राजन श्रीवास्तव ने किया। प्रशिक्षक के रूप में श्री विनय कुमार सिंह, मुख्य प्रबन्धक (राजभाषा), भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय थे। उक्त कार्यशाला संस्थान के एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में आयोजित किया गया, जिसमें संस्थान के कुल 83 गैर-शैक्षणिक अधिकारियों/कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संस्थान के कर्मचारियों को हिन्दी टिप्पण लेखन, हिन्दी पत्राचार एवं हिन्दी तिमाही रिपोर्ट भरने संबंधी जानकारी से अवगत कराना था। इसके अंतर्गत कर्मचारियों को कार्यालयी पत्राचार एवं टिप्पण लेखन के बारे में बताया गया, जिससे संस्थान में पत्राचार एवं टिप्पण के प्रतिशत में वृद्धि हो सके। प्रशिक्षक महोदय ने हिन्दी तिमाही रिपोर्ट भरते समय धारा 3(3) के दस्तावेजों को द्विभाषी में जारी करना और हिन्दी में प्राप्त पत्रों का आवश्यक रूप से जवाब हिन्दी में देना तथा अन्य सभी मदों पर चर्चा की। उन्होंने रिपोर्ट में आँकड़े सही भरे जाने पर ज़ोर दिया।

कार्यक्रम का संचालन संस्थान के श्री रोहित कुमार राय, सह-हिन्दी अधिकारी ने किया एवं संस्थान की संयुक्त कुलसचिव महोदया श्रीमती स्वाति बिस्वास ने प्रशिक्षक को स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया।